# संजीव®

# राजस्थान सामान्य ज्ञान
# RPSC
# हल प्रश्न पत्र

## व्याख्या सहित

## 60 Solved Papers

**RPSC द्वारा वर्ष 2023 तक आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के भर्ती परीक्षा वर्ष अनुसार राजस्थान सामान्य ज्ञान के सभी प्रश्नों का व्याख्या सहित संयोजन**


सम्पादक

डॉ. दीपेश कुमार सैनी



संजीव प्रकाशन, जयपुर

- **प्रकाशक :**
  **संजीव प्रकाशन**
  धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता,
  जयपुर-03
  website : www.sanjivprakashan.com



- © सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन



- **मूल्य : ₹ 400.00**

- **लेजर कम्पोजिंग :**
  संजीव प्रकाशन (D.T.P. Department), जयपुर

- **मुद्रक :**
  विकास बुक बाईंडर, जयपुर


- इस पुस्तक में त्रुटियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। किसी भी त्रुटि के पाये जाने पर अथवा किसी भी तरह के सुझाव के लिए आप हमें निम्न पते पर email या पत्र भेजकर सूचित कर सकते हैं–
  **email : sanjeevcompetition@gmail.com**
  पता : प्रकाशन विभाग, संजीव प्रकाशन
  धामाणी मार्केट, चौड़ा रास्ता, जयपुर
  आपके द्वारा भेजे गये सुझावों से अगला संस्करण और बेहतर हो सकेगा।


- इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीक या तरीके–इलेक्ट्रोनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना प्रकाशन या वितरण नहीं किया जा सकता है।
- हमने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता या त्रुटि के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए लेखक, प्रकाशक, संपादक तथा मुद्रक किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं हैं।
- सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र 'जयपुर' होगा।

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | पेपर्स | परीक्षा दिनांक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | **RPSC Exams Solved Papers - 2023** | | |
| 1. | ASST. TOWN PLANNER EXAM – 2022 | 16 जून, 2023 | 1-4 |
| 2. | खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा – 2022 | 27 मई, 2023 | 5-8 |
| 3. | Asst. Engineer Civil (Local Self Govt. Dept.) Exam –2022 | 21 मई, 2023 | 9-11 |
| 4. | EO/RO भर्ती परीक्षा – 2022 (Evening Shift) | 14 मई, 2023 | 11-15 |
| 5. | EO/RO भर्ती परीक्षा – 2022 (Morning Shift) | 14 मई, 2023 | 16-21 |
| 6. | Senior Physical Education Teacher Exam-2022 | 30 अप्रैल, 2023 | 21-26 |
| 7. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (संस्कृत शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-A) | 12 फरवरी, 2023 | 27-32 |
| 8. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (संस्कृत शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-B) | 12 फरवरी, 2023 | 33-37 |
| 9. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-C) | 29 जनवरी, 2023 | 38-42 |
| 10. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-D) | 29 जनवरी, 2023 | 43-47 |
| | **RPSC Exams Solved Papers - 2022** | | |
| 11. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-A) | 21 दिसम्बर, 2022 | 48-52 |
| 12. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-B) | 22 दिसम्बर, 2022 | 53-56 |
| 13. | प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2022 | 15 नवम्बर, 2022 | 57-59 |
| 14. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-A) | 11 अक्टूबर, 2022 | 60-62 |
| 15. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-B) | 15 अक्टूबर, 2022 | 63-65 |
| 16. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-C) | 17 अक्टूबर, 2022 | 66-68 |
| 17. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-D) | 20 अक्टूबर, 2022 | 69-71 |
| 18. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2022 (ग्रुप-E) | 21 अक्टूबर, 2022 | 72-75 |
| | **RPSC Exams Solved Papers - 2021** | | |
| 19. | सांख्यिकी अधिकारी (Statistical Officer) भर्ती परीक्षा – 2021 | 18 दिसम्बर, 2021 | 76-79 |
| 20. | प्रधानाध्यापक प्रवेशिका (संस्कृत शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2021 | 11 अक्टूबर, 2021 | 80-84 |
| 21. | सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा) भर्ती परीक्षा – 2020 | 22 सितम्बर, 2021 | 85-94 |
| 22. | सब इंस्पेक्टर (S.I.) भर्ती परीक्षा – 2021 | 15 सितम्बर, 2021 | 95-98 |
| 23. | सब इंस्पेक्टर (S.I.) भर्ती परीक्षा – 2021 | 14 सितम्बर, 2021 | 99-101 |
| 24. | सब इंस्पेक्टर (S.I.) भर्ती परीक्षा – 2021 | 13 सितम्बर, 2021 | 102-105 |
| | **RPSC Exams Solved Papers - 2020** | | |
| 25. | कृषि अनुसंधान अधिकारी (कृषि रसायन) भर्ती परीक्षा – 2020 | 24 नवम्बर, 2020 | 106-110 |
| 26. | पुस्तकाल्याध्यक्ष द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा – 2019 | 2 अगस्त, 2020 | 111-114 |
| | **RPSC Exams Solved Papers - 2019** | | |
| 27. | खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा – 2019 | 25 नवम्बर, 2019 | 115-120 |
| 28. | सहायक कृषि अधिकारी भर्ती परीक्षा – 2018 | 31 मई, 2019 | 121-126 |

| क्र.सं. | पेपर्स | परीक्षा दिनांक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| | **RAS/RTS Pre. Exams Solved Papers** | | |
| 29. | RAS / RTS Pre. Exam – 2021 | 27 अक्टूबर, 2021 | 127-133 |
| 30. | RAS / RTS Pre. Exam – 2018 | 5 अगस्त, 2018 | 134-139 |
| 31. | RAS / RTS Pre. Exam – 2016 | 28 अगस्त, 2016 | 140-146 |
| 32. | RAS / RTS Pre. Exam – 2013 | 31 अक्टूबर, 2015 | 147-151 |
| 33. | RAS / RTS Pre. Exam – 2013 | 19 नवम्बर, 2013 | 152-157 |
| 34. | RAS / RTS Pre. Exam – 2012 | 14 जून, 2012 | 158-163 |
| 35. | RAS / RTS Pre. Exam – 2010 | 29 सितम्बर, 2010 | 164-166 |
| 36. | RAS / RTS Pre. Exam – 2008 | 7 जनवरी, 2009 | 167-169 |
| | **School Lecturer Exams Solved Papers** | | |
| 37. | प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2020 | 14 दिसम्बर, 2020 | 170-172 |
| 38. | प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2018 | 4 अगस्त, 2020 | 173-174 |
| 39. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2018 (ग्रुप-A) | 3 जनवरी, 2020 | 174-175 |
| 40. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2018 (ग्रुप-B) | 6 जनवरी, 2020 | 176-177 |
| 41. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2018 (ग्रुप-C) | 9 जनवरी, 2020 | 178-179 |
| 42. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2015 | 17 जुलाई, 2016 | 180-181 |
| 43. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2013 | 4 मार्च, 2015 | 181-182 |
| 44. | प्राध्यापक (कोच) भर्ती परीक्षा - 2013 | 11 अप्रैल, 2015 | 183-184 |
| 45. | प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2011 | 26 मई, 2014 | 184-185 |
| | **Second Grade Teacher Exams Solved Papers** | | |
| 46. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (विशेष शिक्षा TSP) भर्ती परीक्षा - 2018 | 3 जुलाई, 2019 | 185-189 |
| 47. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (संस्कृत शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2018 (ग्रुप-A) | 17 फरवरी, 2019 | 189-193 |
| 48. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (संस्कृत शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2018 (ग्रुप-B) | 19 फरवरी, 2019 | 194-197 |
| 49. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (मा. शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2018 | 28 अक्टूबर, 2018 | 198-202 |
| 50. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (मा. शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2018 | 31 अक्टूबर, 2018 | 203-207 |
| 51. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (मा. शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2016 | 1 मई, 2017 | 208-213 |
| 52. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (मा. शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2016 | 26 अप्रैल, 2017 | 214-219 |
| 53. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (विशेष शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2015 | 7 फरवरी, 2018 | 220-224 |
| 54. | द्वितीय श्रेणी शिक्षक (मा. शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2013 | 21 फरवरी, 2014 | 225-230 |
| | **Head Master Exams Solved Papers** | | |
| 55. | प्रधानाध्यापक (मा. शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2018 | 2 सितम्बर, 2018 | 231-233 |
| 56. | प्रधानाध्यापक (मा. शिक्षा) भर्ती परीक्षा - 2011 | 19 नवम्बर, 2012 | 234-236 |
| | **Sub Inspector (S.I.) Exams Solved Papers** | | |
| 57. | सब इंस्पेक्टर (S.I.) भर्ती परीक्षा - 2016 | 7 अक्टूबर, 2018 | 237-239 |
| 58. | सब इंस्पेक्टर (S.I.) भर्ती परीक्षा - 2011 | 25 मई, 2011 | 240-241 |
| 59. | सब इंस्पेक्टर (S.I.) भर्ती परीक्षा - 2007 | 26 अगस्त, 2007 | 242-243 |
| 60. | सब इंस्पेक्टर (S.I.) भर्ती परीक्षा - 2002 | 10 जुलाई, 2002 | 243-244 |


***

# ASST. TOWN PLANNER EXAM – 2022
## परीक्षा दिनांक : 16 जून, 2023

**1. 30 मार्च, 1949 को 'वृहद् राजस्थान' का उद्घाटन किसने किया था?**
(1) पण्डित जवाहरलाल नेहरू
(2) राधाकृष्ण सर्वपल्ली
(3) सरदार वल्लभभाई पटेल
(4) मोहनलाल सुखाड़िया

**व्याख्या (3)** –संयुक्त राजस्थान में जयपुर, जोधपुर, बीकानेर व जैसलमेर के विलय के बाद 30 मार्च, 1949 को सरदार पटेल ने वृहद् राजस्थान का गठन किया। इसी तिथि को 'राजस्थान दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हीरालाल शास्त्री को वृहद् राजस्थान का प्रधानमंत्री बनाया गया।

**2. राजस्थान में निम्नलिखित में से किस स्थान पर एक नरसंहार हुआ था, जिसे महात्मा गाँधी ने जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड से भी अधिक भीषण बताया था?**
(1) नीमूचाणा (2) मेवाड़
(3) जयपुर (4) उदयपुर

**व्याख्या (1)** –14 मई, 1925 को अलवर के नीमूचाणा गाँव में पुलिस की गोलीबारी में लगभग 156 व्यक्ति मारे गए एवं लगभग 600 व्यक्ति घायल हो गए, जिसे नीमूचाणा हत्याकाण्ड की संज्ञा दी जाती है। 'राजस्थान सेवा संघ' ने इसकी तुलना जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड से की। महात्मा गाँधी ने इसे जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड से भी वीभत्स बताया एवं इसे 'Dyerism Double Distilled' की संज्ञा दी।

**3. 1857 के विद्रोह के प्रारम्भ के समय राजस्थान में ब्रिटिश सैनिकों की कितनी छावनियाँ थीं?**
(1) दो (2) चार
(3) छः (4) आठ

**व्याख्या (3)** –1857 की क्रांति के समय राजस्थान में छः ब्रिटिश सैनिक छावनियाँ थीं– नीमच, नसीराबाद, देवली, खैरवाड़ा, एरिनपुरा एवं ब्यावर।

**4. तारागढ़ का किला किस प्रकार के दुर्ग का श्रेष्ठ उदाहरण है?**
(1) औदुक (2) गिरि
(3) जल (4) धान्वन

**व्याख्या (2)** –तारागढ़ दुर्ग गढ़बीठली व अजयमेरू दुर्ग के नाम से विख्यात है। कर्नल टॉड ने इसका निर्माता अजयराज चौहान को माना है। यह बीठली पहाड़ी पर स्थित है। हरविलास शारदा ने इसे भारत का प्राचीनतम गिरि दुर्ग माना है। इसे राजस्थान के जिब्राल्टर की भी संज्ञा दी जाती है।

**5. सुरजन, अहमद अली, रामलाल, श्री किसन और साधुराम किस शैली के प्रमुख चित्रकार थे?**
(1) नाथद्वारा (2) अजमेर
(3) बूंदी (4) अलवर

**व्याख्या (3)** –बूंदी चित्रकला शैली हाड़ौती स्कूल की शैली है। सघन प्राकृतिक सुषमा बूंदी शैली के चित्रों की मुख्य विशेषता है। इस शैली में सम्पूर्ण बारहमासा का चित्रण किया गया है। बूंदी शैली का राव उम्मेद सिंह का जंगली सूअर का शिकार करता हुआ चित्र प्रसिद्ध है। सुरजन, अहमद अली, रामलाल, श्रीकिसन और साधुराम इस शैली के प्रमुख चित्रकार हैं।

**6. मेवाड़ में दीपावली के 15 दिन पहले अक्सर लड़के-लड़कियाँ घर-घर जाकर गीत गाते हैं। लड़कियों द्वारा गाए जाने वाले गीतों को '.................' कहा जाता है।**
(1) घडाल्यो (2) लोवाड़ी
(3) हरनी (4) रात्रि जागरण

**व्याख्या (1)** –मेवाड़ में दीपावली के 15 दिन पूर्व लड़के-लड़कियाँ घर-घर जाकर गीत गाते हैं। लड़कों द्वारा गाए जाने वाले गीतों को 'लेवड़ी' या 'हरणी' एवं लड़कियों द्वारा गाए जाने वाले गीतों को 'घडाल्यो' कहते हैं।

**7. जसनाथी पंथ के किस प्रकार के नृत्य की उत्पत्ति बीकानेर के कतरियासर गाँव में हुई थी?**
(1) घुड़ला (2) चांग
(3) बम (4) अग्नि

**व्याख्या (4)** –जसनाथी सम्प्रदाय की स्थापना कतरियासर (बीकानेर) में जसनाथजी ने की थी। 'अग्नि नृत्य' इस सम्प्रदाय का प्रसिद्ध नृत्य है। जसनाथी सिद्ध फतै-फतै के उद्घोष के साथ अग्नि नृत्य करते हैं अर्थात् जलते-धधकते अंगारों पर चलते हैं।

**8. ............... के आध्यात्मिक विचारों को पुस्तकों में संकलित किया गया है, एक का शीर्षक 'मंत्र राजप्रकाश' है।**
(1) दादूदयाल (2) लालदास
(3) पीपा (4) हरिदास

**व्याख्या (4)** –संत हरिदास के आध्यात्मिक विचारों को 'मंत्र राजप्रकाश' एवं 'हरिपुरुष की वाणी' नामक ग्रंथों में संकलित किया गया है। इनका मूलनाम हरिसिंह साँखला था। इन्होंने निरंजनी सम्प्रदाय की स्थापना की। इस सम्प्रदाय में ईश्वर को 'अलख निरंजन' या 'हरि निरंजन' कहा जाता है।

**9. आधुनिक राजस्थान में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद और भीलवाड़ा के क्षेत्र को .......... बोली का क्षेत्र कहा जा सकता है।**
(1) मारवाड़ी (2) मेवाड़ी
(3) मेवाती (4) मालवी

**व्याख्या (2)** –मेवाड़ी बोली राजस्थान के उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौडगढ़ व राजसमंद जिलों में बोली जाती है। कुम्भा ने कीर्तिस्तम्भ प्रशस्ति की रचना मेवाड़ी में ही की थी। मोतीलाल मेनारिया ने इसे मारवाड़ी की उपबोली माना है। यह मारवाड़ी के बाद राजस्थान की दूसरी महत्त्वपूर्ण बोली है।

**10. राजस्थानी साहित्य में रियासतों के शासकों ने अपने पराक्रम, विजयों तथा अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यों के इतिहास का लेखा-जोखा अपने इतिहासकारों से लिखवाकर संजोया है। इस लेखा-जोखा/वर्णन को ........... कहा जाता है।**

(1) ख्यात (2) वचनिका

(3) दवावैत (4) झमाल

**व्याख्या (1)** -**ख्यात** में किसी विशिष्ट वंश के पुरुष या पुरुषों की उपलब्धियों का वर्णन मिलता है; जैसे–राठौड़ाँ री ख्यात।
**झमाल** राजस्थानी काव्य का मात्रिक छन्द है।
गद्य–पद्य में लिखी गई तुकान्त रचनाएँ '**दवावैत**' कहलाती हैं।
राजस्थानी साहित्य में गद्य–पद्य मिश्रित काव्य को **वचनिका** की संज्ञा दी गई है।

**11. निम्न में से कौन-सी मध्य अरावली की प्रमुख चोटी है जो अजमेर और जयपुर के बीच फैली हुई है?**

(1) तारागढ़ (2) रघुनाथगढ़

(3) दिलवाड़ा (4) अचलगढ़

**व्याख्या (1)** –तारागढ़ मध्य अरावली प्रदेश में अजमेर व जयपुर के मध्य विस्तृत है। इसकी ऊँचाई 873 मी. है। रघुनाथगढ़ (सीकर) उत्तरी अरावली पर्वतीय प्रदेश में स्थित है। अचलगढ़ (सिरोही) एवं दिलवाड़ा (सिरोही) दक्षिणी अरावली पर्वतीय प्रदेश में स्थित हैं।

**12. माही नदी के किनारे कई द्वीपों की उपस्थिति के कारण निम्नलिखित में से किसे 'सौ द्वीपों का शहर' भी कहा जाता है?**

(1) जयसमंद (2) धारीवाड़

(3) बांसवाड़ा (4) उदयपुर

**व्याख्या (3)** –बांसवाड़ा को 'सौ द्वीपों का शहर' कहा जाता है। बांसवाड़ा की स्थापना महारावल जगमाल ने की थी। इसे 'राजस्थान का चेरापूँजी' भी कहा जाता है।

**13. 'जवाई' राजस्थान में बहने वाली निम्नलिखित में से किस नदी की सहायक नदी है?**

(1) माही (2) लूनी

(3) बनास (4) चंबल

**व्याख्या (2)** –जवाई नदी पाली तहसील के गोरिया गाँव से निकलती है। जालौर में पल्लाई गाँव के समीप यह सूकड़ी नदी एवं विराना गाँव में खारी नदी से मिलने के पश्चात् लूनी नदी में मिल जाती है।

**14. किस प्रकार के वन केवल माउण्ट आबू क्षेत्र में पाये जाते हैं ?**

(1) उपोष्णकटिबंधीय पर्वतीय वन

(2) उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन

(3) उष्णकटिबंधीय काँटेदार वन

(4) अल्पाइन वन

**व्याख्या (1)** –उपोष्णकटिबंधीय पर्वतीय वन राजस्थान में केवल सिरोही जिले के आबू पर्वतीय क्षेत्र में प्रधानता से मिलते हैं। इन वनों में सदाबहार एवं अर्द्ध–सदाबहार वनस्पति पायी जाती है।

**15. काली मिट्टी राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में पायी जाती है?**

(1) चूरू (2) सिरोही

(3) बारां (4) दौसा

**व्याख्या (3)** –राजस्थान में काली मृदा हाड़ौती के पठार अर्थात् कोटा, बूँदी, बारां व झालावाड़ जिलों में पायी जाती है। इस मृदा में कछारी मृदा भी मिश्रित रूप में पायी जाती है। इस मृदा में फास्फेट, नाइट्रोजन व जैविक पदार्थ की कमी होती है।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सी एप्लिकेशन राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक पहल है जो वास्तविक समय के आधार पर जयपुर, जोधपुर और उदयपुर शहरों के वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के बारे में जानकारी प्रदान करता है?**

(1) राजपर्यावरण (2) राजवायु

(3) राजदृष्टि (4) राजसृष्टि

**व्याख्या (2)** –राजस्थान सरकार ने जयपुर, जोधपुर एवं उदयपुर के वायु गुणवत्ता सूचकांक के बारे में जानकारी साझा करने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून, 2016 को 'राजवायु' मोबाइल ऐप लॉन्च किया। इसे राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से डिजाइन किया गया है।

**17. राजस्थान सरकार ने 'राज्य में उपजाऊ भूमि के मरुस्थलीकरण को रोककर और उलट कर' मिट्टी को बचाने के लिए किसके साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं?**

(1) पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन

(2) ईशा फाउंडेशन

(3) श्री लाइफ ग्लोबल फाउंडेशन

(4) रिलायंस फाउंडेशन

**व्याख्या (2)** –राजस्थान सरकार ने सदगुरु के 'ईशा फाउण्डेशन' के साथ मृदा संरक्षण के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। ऐसा समझौता करने वाला राजस्थान देश का दूसरा राज्य है। मृदा संरक्षण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाला पहला राज्य गुजरात है।

**18. राजस्थान राज्य गंगानगर शुगर मिल्स लिमिटेड को शुरू में वर्ष 1945 में निजी क्षेत्र में '................' के रूप में संस्थापित किया गया था।**

(1) मेवाड़ शुगर मिल्स लिमिटेड, चित्तौड़गढ़

(2) महाराजा श्री उम्मेद मिल्स लिमिटेड, पाली

(3) केशोरायपाटन सहकारी चीनी कारखाना, बूंदी

(4) बीकानेर औद्योगिक निगम लिमिटेड, बीकानेर

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा - 2022
## परीक्षा दिनांक : 27 मई, 2023

**1. वालर नृत्य, मांदल नृत्य, लूर नृत्य और कूद नृत्य किस जनजाति के नृत्य हैं?**
(1) भील जनजाति (2) गरासिया जनजाति
(3) सहरिया जनजाति (4) कंजर जनजाति

**व्याख्या (2)** –**गरासियों के नृत्य**–वालर, गरबा, घूमर, गैर, जवारा, मोरिया, लूर, कूद, मांदल आदि।
**भीलों के नृत्य**–गवरी, नेजा, रमणी, युद्ध द्विचक्री, हाथीमना आदि।
**कंजरों के नृत्य**–चकरी, धाकड़ आदि।
**सहरियों के नृत्य**–शिकार।

**2. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करके सही उत्तर को चुनिये–**

| सूची-I (पुस्तकें) | सूची-II (लेखक) |
|---|---|
| (a) हम्मीरायण | (i) चारण शिवदास |
| (b) रणमल रौ छन्द | (ii) बीठू सूजा |
| (c) अचलदास खींची री वचनिका | (iii) पद्मनाभ |
| (d) राव जैतसी रौ छन्द | (iv) श्रीधर व्यास |

**कूट–**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**व्याख्या (1)** –सही सुमेलन निम्नवत् है–

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| हम्मीरायण | पद्मनाभ |
| रणमल रो छंद | श्रीधर व्यास |
| अचलदास खींची री वचनिका | चारण शिवदास |
| राव जैतसी रो छंद | बीठू सूजा |

**3. डूंगरपुर-बाँसवाड़ा क्षेत्र में बोली जाने वाली बोली .............. कहलाती है।**
(1) मारवाड़ी (2) मालवी
(3) मेवाती (4) वागड़ी

**व्याख्या (4)** –डूँगरपुर-बाँसवाड़ा का सम्मिलित क्षेत्र 'वागड़' कहलाता है एवं इस क्षेत्र में बोली जाने वाली बोली 'वागड़ी' कहलाती है। इस पर गुजराती का प्रभाव परिलक्षित होता है। ग्रियर्सन ने इसे 'भीली बोली' की संज्ञा दी है।

**4. निम्नलिखित में से अरावली का कौन-सा शिखर सेर से नीचा किन्तु अचलगढ़ से ऊँचा है?**
(1) सायरा (2) रघुनाथगढ़
(3) जरगा (4) खौ

**व्याख्या (3)** –

| पर्वत शिखर | ऊँचाई |
|---|---|
| गुरु शिखर (सिरोही) | 1722 मीटर |
| सेर (सिरोही) | 1597 मीटर |
| देलवाड़ा (सिरोही) | 1442 मीटर |
| जरगा (उदयपुर) | 1431 मीटर |
| अचलगढ़ (सिरोही) | 1380 मीटर |
| रघुनाथगढ़ (सीकर) | 1055 मीटर |
| खौ (जयपुर) | 920 मीटर |
| सायरा (उदयपुर) | 900 मीटर |

**5. कौन-सा पर्वत जालौर पर्वतीय क्षेत्र में नहीं है?**
(1) रोजा भाकर (2) झालोरा पहाड़
(3) इसराना भाकर (4) गोगुन्दा

**व्याख्या (4)** –गोगुन्दा पर्वत (840 मीटर) मेवाड़ के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित है। रोजा भाकर (730 मीटर), इसराना भाकर (839 मीटर) एवं झारोला पहाड़ (588 मीटर) जवाई नदी घाटी के दक्षिण में जालौर पर्वतीय क्षेत्र में स्थित हैं।

**6. वाकल तथा सेई धारा के मिलने से जो नदी बनती है, वो है–**
(1) माही नदी (2) साबरमती नदी
(3) पार्वती नदी (4) बनास नदी

**व्याख्या (2)** –साबरमती नदी उदयपुर के दक्षिण-पश्चिम से निकलकर गुजरात में प्रवाहित होती हुई खम्भात की खाड़ी में गिरती है। प्रारम्भ में यह वाकल तथा सेई नाम की दो धाराओं में प्रवाहित होती है। हथमती, मेश्ता, माजम व वेतरक इसकी सहायक नदियाँ हैं।

**7. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिए–**

| सूची-I (झीलें) | सूची-II (जिले) |
|---|---|
| (a) नवलखा | (i) धौलपुर |
| (b) तालछापर | (ii) बूंदी |
| (c) तालाबशाही | (iii) बाड़मेर |
| (d) पचपदरा | (iv) चूरू |

**कूट–**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

**व्याख्या (1)** –

| झील | अवस्थिति (जिले) |
|---|---|
| नवलखा | बूँदी |
| तालछापर | चूरू |
| तालाबशाही | धौलपुर |
| पचपदरा | बाड़मेर |

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला न्यूनतम औसत वार्षिक वर्षा प्राप्त करता है?**

(1) उदयपुर (2) दौसा
(3) नागौर (4) चित्तौड़गढ़

**व्याख्या (3)** –राजस्थान में वर्षा का वार्षिक औसत 57.51 से.मी. है। उपर्युक्त जिलों में न्यूनतम वार्षिक वर्षा नागौर प्राप्त करता है। सामान्यत: राजस्थान में न्यूनतम वर्षा वाला प्रदेश जैसलमेर है, जो 10-20 से.मी. वार्षिक वर्षा प्राप्त करता है।

**9. उदयपुर तथा कोटा जिलों में अधिकांशतः है–**

(1) कैल्सी ब्राउन मृदा (2) नवीन भूरी मृदा
(3) पर्वतीय मृदा (4) लाल दोमट

**व्याख्या (3)** –

| **मृदा का प्रकार** | **जिले** |
|---|---|
| कैल्सी ब्राउन | जैसलमेर व बीकानेर |
| नवीन भूरी मृदा | भीलवाड़ा व अजमेर |
| पर्वतीय मृदा | उदयपुर व कोटा |
| लाल लोमी/दोमट मृदा | डूँगरपुर व बाँसवाड़ा |

**10. वन विभाग, राजस्थान के प्रशासनिक प्रतिवेदन 2022-23 के अनुसार, उन जिलों के समूह का चयन कीजिए जहाँ 2021 के आकलन के अनुसार वनावरण उनके भौगोलिक क्षेत्र के 10% से अधिक हो।**

(1) सीकर, जालौर, झालावाड़ (2) राजसमन्द, करौली, धौलपुर
(3) बाँसवाड़ा, भरतपुर, दौसा (4) पाली, भीलवाड़ा, अजमेर

**व्याख्या (2)** –वन विभाग, राजस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन के अनुसार कुल भौगोलिक क्षेत्र के 10% से अधिक वनावरण वाले जिलों का समूह **राजसमंद** (11.10%), **करौली** (15.28%) एवं **धौलपुर** (13.82%) है। राज्य का कुल अभिलेखित वन क्षेत्र 32869.69 वर्ग किमी एवं कुल वनावरण 16655 वर्ग किमी है। राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल के लगभग 9.60 प्रतिशत भाग पर अभिलेखित वन भूमि का विस्तार है।

**11. सबसे अधिक और सबसे कम महिला साक्षरता प्रतिशत, जनगणना 2011 के अनुसार, निम्न में से किस जिलों के युग्म में पायी जाती है?**

(1) जयपुर - अलवर (2) कोटा - जालौर
(3) कोटा - जैसलमेर (4) जयपुर - सिरोही

**व्याख्या (4)** –2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में अधिकतम महिला साक्षरता वाला जिला कोटा (65.9%) एवं न्यूनतम महिला साक्षरता वाला जिला जालौर (38.5%) है। राज्य की औसत महिला साक्षरता दर 52.1% है।

**12. सन् 2002-2003 में, राजस्थान राज्य के कुल कितने जिलों को अकाल प्रभावित जिले घोषित किया गया था?**

(1) 20 (2) 15
(3) 32 (4) 18

**व्याख्या (3)** –कृषि वर्ष 2002-2003 में राज्य के 32 जिलों के 40990 गाँव अकाल प्रभावित घोषित किए गए, जो कि अभी तक किसी भी कृषि वर्ष में सर्वाधिक हैं।

**13. वन विभाग, राजस्थान के प्रशासनिक प्रतिवेदन 2022 के अनुसार, निम्नलिखित में से किन जिलों के समूह में 2019-2021 के बीच अधिकतम दर (% में) से वन का विनाश हुआ?**

(1) सिरोही तथा जालौर (2) करौली तथा भरतपुर
(3) सिरोही तथा भरतपुर (4) जालौर तथा करौली

**व्याख्या (4)** –वन विभाग राजस्थान के वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 के अनुसार 2019 की तुलना में वनक्षेत्र में प्रतिशत परिवर्तन निम्नवत् है–

| | | |
|---|---|---|
| जालौर | – | 32.46% (कमी) |
| करौली | – | 26.16% (कमी) |
| सिरोही | – | 13.49% (कमी) |
| भरतपुर | – | 9.21% (कमी) |

**14. 'राजस्थान स्टेट एनवायरमेन्ट पॉलिसी' सर्वप्रथम किस वर्ष लागू की गई थी?**

(1) 2011 (2) 2016 (3) 2010 (4) 2014

**व्याख्या (3)** –राजस्थान राज्य पर्यावरण नीति सर्वप्रथम वर्ष 2010 में लागू की गई थी। इस नीति के प्रमुख उद्देश्य निम्न थे–
(i) प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संवर्द्धन
(ii) मुख्य आर्थिक क्षेत्रों में पर्यावरणीय सम्पोषणीयता सुनिश्चित करना
(iii) पर्यावरण प्रशासन में सुधार एवं क्षमता निर्माण

**15. भुखिया-जगपुरा-देलवाड़ा पट्टा जाना जाता है–**

(1) टंगस्टन के भण्डार के लिए
(2) सोने के भण्डार के लिए
(3) क्वार्ट्ज के भण्डार के लिए
(4) मैंगनीज के भंडार के लिए

**व्याख्या (2)** –राजस्थान में भुखिया–जगपुरा–देलवाड़ा पट्टी में स्वर्ण भण्डारों की खोज की गई है।

**16. बड़ाबाग ( जैसलमेर ) तथा देवगढ़ ( चित्तौड़गढ़ ) में है–**

(1) पवन ऊर्जा परियोजना (2) बायोगैस ऊर्जा परियोजना
(3) सौर ऊर्जा परियोजना (4) पवन तथा सौर ऊर्जा परियोजना

**व्याख्या (1)** –बड़ाबाग (जैसलमेर) एवं देवगढ़ (चित्तौड़गढ़) राजस्थान में स्थित पवन ऊर्जा संयंत्र हैं। राजस्थान की पहली पवन ऊर्जा परियोजना 14 अगस्त, 1999 को अमरसागर पवन ऊर्जा परियोजना के नाम से जैसलमेर में स्थापित की गई।

**17. मेवाड़ टेक्सटाइल मिल अवस्थित है?**

(1) ब्यावर में (2) भीलवाड़ा में
(3) बाँसवाड़ा में (4) पाली में

**व्याख्या (2)** –मेवाड़ टेक्सटाइल मिल, भीलवाड़ा में अवस्थित हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में प्रथम सूती वस्त्र मिल 1889 ई. में 'दी कृष्णा मिल्स लिमिटेड' के नाम से सेठ दामोदर दास द्वारा ब्यावर में स्थापित की गई थी।

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा एक रीको (RIICO) का कृषि खाद्य फार्म केन्द्र है?**

(1) रीको, भरतपुर (2) उद्योगविहार, जैसलमेर
(3) एम.आइ.ए., कोटा (4) बोरानाडा, जोधपुर